आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 14.08.2024 समय : 07.10 pm

मुख्य समाचार :—

- स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अब से कुछ देर बाद राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू राष्ट्र को करेंगी संबोधित।
- 78 वां स्वतंत्रता दिवस कल, प्रधानमंत्री लालकिला पर करेंगे ध्वजारोहण, प्रदेष में कार्यक्रमों को लेकर उत्साह।
- विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर प्रदेष में कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन।
- हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेष में तिरंगा यात्राओं का दौर जारी।

राष्ट्रपति का संबोधन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अब से कुछ देर बाद शाम 7 बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन आकाशवाणी के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी और उसके बाद अंग्रेजी में इसे प्रसारित किया जाएगा। आकाशवाणी अपने क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात 9 बजकर 30 मिनट पर इसका क्षेत्रीय भाषा संस्करण प्रसारित करेगा।

प्रधानमंत्री-स्वतंत्रता दिवस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले से 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रध्वज फहराएंगे और देश को संबोधित करेंगे। इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस का विषय विकसित भारत@2047 है। रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि यह समारोह 2047 तक देश को एक विकसित राष्ट्र में बदलने की दिशा में सरकार के प्रयासों को नए सिरे से बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा।

इस अवसर पर लाल किले पर आयोजित समारोह देखने के लिए लगभग छह हजार विशेष मेहमानों को आमंत्रित किया गया है। युवाओं, आदिवासी समुदाय, किसानों, महिलाओं और विशिष्ट अतिथियों के रूप में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोगों को आमंत्रित किया गया है। हाल ही में संपन्न पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय दल को भी समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। माईगोव और आकाशवाणी के सहयोग से रक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित विभिन्न ऑनलाइन प्रतियोगिताओं के तीन हजार विजेता भी समारोह का हिस्सा होंगे। समारोह में देश भर के विभिन्न स्कूलों से कुल दो हजार कैडेट भी भाग लेंगे।

स्वतंत्रता दिवस प्रदेश

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राज्य स्तरीय समारोह में भोपाल में ध्वजारोहण करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर मुरैना में ध्वजारोहण करेंगे । उप-मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा जबलपुर में, उप - मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल सागर में एवं अन्य मंत्रीगण और जिला कलेक्टर विभिन्न जिला मुख्यालय पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। मैहर में पंचायत और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री राधा सिंह जिला स्तरीय कार्यक्रम में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगी। बैतूल में मुख्य समारोह पुलिस ग्राउंड में आयोजित होगा। समारोह में राज्यमंत्री, नरेंद्र शिवाजी पटेल राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। नीमच जिले में मुख्य समारोह शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रंमाक-2 पर

आयोजित होगा। जहां कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ध्वजारोहण कर भव्य परेड की सलामी लेगें। छतरपुर जिले में मुख्य अतिथि कलेक्टर पार्थ जैसवाल पुलिस लाईन स्थित परेड ग्राउंड में झंडा फहराएंगे।

विभीषका दिवस

भारत-पाकिस्तान बंटवारे की बरसी पर आज भोपाल सहित पूरे प्रदेश में विभाजन विभीषिका दिवस के आयोजन हो रहे हैं। भोपाल के सरोजिनी नायडू कन्या महाविद्यालय में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि धर्म के आधार पर हुआ देश का विभाजन भारतीय इतिहास का एक काला अध्याय था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों द्वारा इस दिवस को स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाना, विस्थापन का दर्द झेलने वाले लोगों को विनम्र श्रद्धांजलि है।

बाईट – मुख्यमंत्री

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांd 01 भोपाल में विभाजन विभीषिका दिवस स्मृति मे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें वीर स्वतंत्रता सेनानियों के चित्रों से सुसज्जित प्रदर्शिनी सहित छात्रों की देश-भक्ति गीत और लघु नाटिका की मनमोहक प्रस्तुति शामिल है।

इस अवसर पर पूर्व सांसद रघुनन्दन शर्मा, विद्यालय प्राध्यापक कुमार गौरव द्विवेदी सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारीगण एवं छात्र- छात्रायें उपस्थित रहे।

वहीं पश्चिम मध्य रेल परिमण्डल भोपाल द्वारा स्वतंत्रता संग्राम और विभाजन विभीषिका दिवस स्मृति के उपलक्ष पर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। रेल प्रबंधन द्वारा आयोजित dk;Zdze esa देश भक्ति गीतों से आज़ादी के लिए बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को स्मरण किया गया। कार्यक्रम में वारिष्ठ नागरिक और स्वतंत्रता सेनानी ज़हीर इक़बाल, मण्डल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। अनूपपुर में कलेक्टर हर्षल पंचोली की उपस्थिति में संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर "विभाजन विभीषिका स्मृति" दिवस मनाया गया।

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

प्रदेश में 21 एवं 22 अगस्त को सभी विश्वविद्यालय, महाविद्यालय एवं स्कूलों में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर भारत के उतरने की ऐतिहासिक घटना को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है। इस अवसर पर प्रदेश में अंतरिक्ष विज्ञान पर केन्द्रित व्याख्यान, संगोष्ठी, प्रदर्शनी, साइंस क्विज, मॉडल मेकिंग, पेंटिंग, विशेषज्ञ व्याख्यान और फिल्म प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल तथा आईआईटी इंदौर द्वारा विश्वविद्यालयीन और महाविद्यालयीन छात्र–छात्राओं के लिए अंतरिक्ष विज्ञान पर केन्द्रित हैकाथॉन का आयोजन भी किया जाएगा।

तिरंगा यात्रा

प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्राओं का दौर जारी है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज भोपाल में कोलार रोड के मदर टेरेसा स्कूल से निकाली गई तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने जीप में सवार होकर तिरंगा लहराते हुए यात्रा की अगवानी की। इस मौके पर हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा उनके साथ रहे। संत हिरदाराम

नगर बैरागढ़ तक करीब 30 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में मोटरसाइकिलों पर सवार युवा तिरंगा लहराते हुए यात्रा में आगे बढ़ रहे थे। भारतीय स्टेट बैंक और मध्य प्रदेश पुलिस विभाग की संयुक्त तत्वावधान में एक वाकाथान रैली का आयोजन किया गया। यह तिरंगा रैली वल्लभ भवन से प्रारंभ होकर शौर्य स्मारक पर संपन्न हुई। रैली का नेतृत्व भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक चंद्रशेखर शर्मा एवं हरि नारायणचारी मिश्रा पुलिस आयुक्त भोपाल कर रहे थे। इस रैली में एसबीआई और पुलिस के विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा मुरैना जिले में नगर परिषद मेहगांव में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा को नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। श्री शुक्ला ने लोगों को तिरंगे के सम्मान की शपथ दिलाई। ग्वालियर स्मार्ट सिटी द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का नेतृत्व स्मार्ट सिटी सीईओ श्रीमती नीतू माथुर द्वारा किया गया।

राज्यपाल सिकल सेल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल से उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने आज भोपाल में राजभवन में सौजन्य भेंट कर सिकल सेल एनीमिया के नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों और प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने हीमोग्लोबिनोपैथी मिशन अन्तर्गत किए जा रहे कार्यों, सिकल सेल रोगियों एवं वल्नरेबल क्षेत्र के नागरिकों के बचाव एवं उपचार के प्रयासों और संचालित जागरूकता गतिविधियों की जानकारी दी। उप-मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के 33 ज़िलों में सिकल सेल मरीज़ों की स्क्रीनिंग का कार्य किया जा रहा है। अब तक 59 लाख से अधिक नागरिकों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है और 32 लाख 37 हज़ार 842 व्यक्तियों को सिकल सेल कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। मरीजों के उपचार एवं प्रबंधन के लिए चिन्हांकित जिलों में 6 से 10 बिस्तरीय एकीकृत उपचार केंद्र स्थापित कर उपचार के साथ दवाइयों का वितरण किया जा रहा है।

मौसम

प्रदेश में फिर से मानसूनी गतिविधियां शुरू हो गई हैं। साइक्लोनिक सर्कुलेशन और मानसून ट्रफ की एक्टिविटी के कारण ऐसी स्थिति बन रही है। प्रदेश में अगले 24 घंटे में कहीं तेज, तो कहीं हल्की बारिश होगी। गुना, सागर समेत सात जिलों में तेज बारिश का अलर्ट है। हालांकि कल से मौजूदा सिस्टम कमजोर हो जाएंगे। इससे पहले कल शिवपुरी में आधा इंच पानी गिर गया। भोपाल, छतरपुर जिले के खजुराहो, सतना, बैतूल, धार, ग्वालियर, नर्मदापुरम में भी हल्की बारिश हुई। अब तक हुई बारिश में जबलपुर, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग सबसे आगे हैं।

समाचार संक्षेप में -

- लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने मैहर जिले के प्रवास के दौरान बैठक में सतना बाणसागर ग्रामीण समूह नल जल योजना फेज-1 और फेज-2 की प्रगति की जानकारी ली।
- नीमच कलेक्टर ने vkt कलेक्टर कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिला स्तरीय बाढ़ नियत्रण कक्ष का निरीक्षण किया और कार्यवाही के बारे में जानकारी ली।
- रायसेन  में न्यायाधीशगण एवं अधिवक्ताओं के साथ 14 सितम्बर को होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अब से कुछ देर बाद राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू राष्ट्र को करेंगी संबोधित।
- 78 वां स्वतंत्रता दिवस कल, प्रधानमंत्री लालकिला पर करेंगे ध्वजारोहण, प्रदेष में कार्यक्रमों को लेकर उत्साह।
- विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर प्रदेष में कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन।
- हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेष में तिरंगा यात्राओं का दौर जारी।

इस बुलेटिन में बस इतना ही, नमस्कार।

....................